तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025



10 कांग्रेस जिला अध्यक्ष की पुनर्गठन में घमासान...





12 राज्योत्सव प्रदेश की संस्कृति, परंपरा और...






## खबर संक्षेप



### पाइप फूटा पंचायत के सामने बह रहा पानी

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने मुख्य गली में पेयजल सप्लाई के लिए लगाई गई। पाइप लाइन अंदर से टूट गया है जिसके कारण सुबह नल प्रारंभ होते ही सड़क सीसी रोड़ तोड़कर ऊपर तक पानी बह रहा है जिसकी मरम्मत किया जाना आवश्यक हो चला है।

### इंक्रीमेंट की मांग, सहकारी बैंक कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**अभनपुर।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर अभनपुर शाखा के कर्मचारियों ने वार्षिक वेतनवृद्धि की मांग को लेकर काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए राज्य सरकार से मार्च 2021 से लंबित वेतनवृद्धि लागू करने की मांग की। यूनियन का कहना है कि पिछले पाँच वर्षों (मार्च 2021 से मार्च 2025) तक वेतनवृद्धि नहीं होने से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है इसको लेकर यूनियन द्वारा 29 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक सभी कर्मचारी काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा वही 3 से 5 नवम्बर तक शाखा कार्यालयों एवं मुख्यालय में एक घंटे की नारेबाजी कर प्रदर्शन,6 नवम्बर को सभी कर्मचारी एक दिन का सामूहिक अवकाश लेकर नारेबाजी,7 से 11 नवम्बर तक जिला नोडल कार्यालयों में विरोध प्रदर्शन,12 नवम्बर से, मांग पूरी न होने पर बैंक व एटीएम मशीनों में तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। इस अवसर पर बीएम शशिकुमार यादव,अंगद साहू,प्रदीप राजपूत,चूड़ामणी शर्मा,बसंत सोनवानी,श्रीमति जागेश्वरी नेताम,श्रीमति लता कुर्रे प्रमुख रूप से मौजूद रही।

### बाइक से गांजा परिवहन तीन लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** बाइक से गांजा का अवैध परिवहन करने वाले तीन लोगों को सिंघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 60 हजार रुपए का 4 किलो गांजा बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि एक मोटर सायकल में तीन व्यक्ति ओडिशा की ओर से अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं। इसके बाद एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल के पास जाकर नाकाबंदी की गई। जहां कुछ समय बाद एक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 25 एम 6636 में तीन व्यक्ति आए।

# एकादशी के बाद वैवाहिक आयोजनों से लौटेगी रौनक, दो नवंबर से बजेगी शहनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

## देवउठनी एकादशी 1 नवंबर को, भगवान शालीग्राम व माता तुलसी का होगा विवाह





नवंबर से अगले साल 2026 के मार्च महीने तक 33 दिन वैवाहिक शुभ मुहूर्त - नवंबर में 15 और दिसंबर में तीन, लेकिन तारा डूबने से जनवरी में वैवाहिक मुहूर्त नहीं है। दशहरा के बाद इस बार अक्टूबर महीने में ही दीपावली और छठ पूजा के साथ ही सभी बड़े त्योहार संपन्न हो चुके हैं। त्योहारी सीजन के गुजरते ही अब बैंड बाजा बारात की सीजन शुरू हो जायेगा, साल 2025 के अंत में इस बार दो नवंबर से मार्च 2026 तक जिले में खूब शहनाई बजेगी, अभी यह कार्तिक का महीना है, मान्यता है कि इस महीने की एकादशी तिथि को विष्णु भगवान चार माह के बाद योगनिद्रा से जाग जाते हैं। इस वर्ष देवउठनी एकादशी शनिवार एक नवंबर को हैं। वहीं दो को होगा भगवान शालीग्राम व माता तुलसी का विवाह , पंडित गोलू शर्मा ने बताया कि इस बार हिंदू पंचांग के अनुसार एकादशी तिथि एक नवंबर को सुबह 9 बजकर 11 मिनट पर प्रारंभ होगी और एकादशी तिथि का समापन दो नवंबर को सुबह 7 बजकर 31 मिनट पर होगा, इसलिए उदया तिथि में देवउठनी एकादशी का व्रत एक नवंबर को रखा जायेगा। जबकि भगवान शालीग्राम और माता तुलसी का विवाह दो नवंबर को मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का खास महत्व है,हर महीने के कृष्ण व शुक्ल पक्ष की एकादशी को व्रत किया जाता है। इस तरह से साल में कुल 24 एकादशी व्रत पड़ते हैं। देवउठनी एकादशी ▶▶|शेष पेज 11 पर

## विडंबना : मरीजों को कांवर पर लादकर मीलो पैदल चल अस्पताल तक लाना पड़ता है

# ग्राम डुमरघाट में नहीं है बिजली और सड़क बीमारों को कांवर में ढोकर लाते हैं ग्रामीण

शेख हसन खान ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाको के गांवो में आजादी के 79 वर्ष बाद भी आदिवासी ग्रामीण मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। यहां सरकार के विकास के दावे खोखले नजर आते हैं। गांव तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क तो दूर कच्ची मिट्टी वाला सड़क भी नहीं बन पाया है और अभी भी बीमार या गर्भवती महिलाओं को इलाज के लिए ग्रामीण उल्टे खाट या फिर कांवर में लादकर मीलो पैदल दूरी तय कर मैनपुर अस्पताल तक लाने मजबूर हो रहे है। यहां सरकार के अन्य जनकल्याणकारी योजनाएं कैसे पहुंचती होगी इसकी कल्पना किया जा सकता है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 12 किमी दूर ग्राम डुमरघाट की यह स्थिति बनी हुई है ग्राम पंचायत बोईरगांव के आश्रित ग्राम डुमरघाट की जनसंख्या लगभग 210 के आसपास है यहां विशेष पिछड़ी ▶▶|शेष पेज 11 पर



### कलेक्टर से ग्रामीणों ने लगाई फरियाद

### पंचायत द्वारा कोई कार्य नहीं

यहां के ग्रामीणों में भारी नराजगी बातचीत में पता चलता है ग्रामीण बेहद दुखी नजर आ रहे है क्योकि उनके फरियाद को सूनने वाला कोई नही है। गांव में एक आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया गया है लेकिन संबंधित निर्माण एजेंसी ने न तो शौचालय निर्माण किया और न ही दरवाजा लगाया और तो और कीचन में फ्लोरिंग भी नहीं किया। ग्राम पंचायत के द्वारा गांव में सीसी रोड़ या रंगमंच कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने बताया की सरपंच और सचिव भी इस गांव तक नहीं पहुंचते। शिकायत करने के बाद भी कुछ नहीं होता। गांव में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ है लेकिन सड़क खराब होने के कारण सामाग्री नहीं पहुंच पा रही है।

### मरीज एवं गर्भवती महिलाओं को पैदल अस्पताल तक जाने को मजबूर

ग्राम डुमरघाट तक सड़क नही होने के कारण बड़े -बड़े गड्ढे हो गये हैं जिसे ग्रामीण व शिक्षक अपने स्वयं के खर्च से कुछ स्थानो पर मरम्मत कर रहे हैं ताकि मोटर साइकिल निकल सके। इस गांव में स्वास्थ्य सुविधा की कोई व्यवस्था नहीं है। इन दिनों सर्दी, खांसी, बुखार का प्रकोप है। ग्राम के 80 वर्षीय बुजुर्ग अमरसिंह, पलटन कमार, भक्तिराम, दसरूराम, कुशल, बनसिंह, नकुलराम, जयराम, गिरधारी, गुमान, खोगे"वर, मानसिंह, बुटकुलराम, यशोदा बाई, मकरध्वज, रामे"वर पटेल, गोपीचंद, नंदलाल व अन्य ग्रामीणों ने बताया गांव में अत्यधिक तबीयत खराब होने या गर्भवती महिला को बरदुला उपस्वास्थ्य केन्द्र तक पैदल कांवर में बिठाकर ले जाते है और वहां से मैनपुर तब इलाज होता है।



# गोपाल गौशाला में मनाई गोपाष्टमी



**नवापारा-राजिम।** नवापारा शहर के 108 वर्ष पुराने गोपाल गौशाला में गोपाष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। गौशाला को आकर्षक रूप से सजाया गया था, गायों के सींग को सजाया गया था। सर्वप्रथम गौशाला में श्री हनुमान जी महाराज के मंदिर में श्री हनुमान जी को चोला एवं झंडा चढ़ाया गया। इसके बाद देवेंद्र महाराज ने विधिपूर्वक भगवान सत्यनारायण की कथा सुनाई। यजमान के रूप में यादराम-ममता साहू मोतिमपुर वाले बैठे। कथा पश्चात आरती हुई जिसमें अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल, सचिव राजू काबरा, चंदू कंसारी, रूपेंद्र चन्द्राकर, अजय अग्रवाल, ओम सारडा, सुशील शर्मा, गौ आयोग ब्लाक अध्यक्ष रूपेंद्र साहू, गोविंद राजपाल, वीरू नागवानी, सुनील जैन, प्रफुल्ल दुबे, भारती, तुलसी, छाया, मोहिनी, लक्ष्मी, रागिनी साहू, निता, अन्नपूर्णा देवांगन, विनोद जैन, प्रवीण साहू गौ भक्त शामिल हुए। पश्चात गौ माता का पूजन किया गया, फिर देवी देवता पूजन यादव समाज ने किया। गायों को सोहाई बांधी गई एवं गौ माता को खिचड़ी खिलाई गई। इस दौरान गौ भक्त रोटी, गुड़, हरी सब्जी, चना, केला गौ माता को अपने हाथों से खिलाने लगे। यादव समाज द्वारा राउत दोहा, डंडा नृत्य किया गया।

# कलेक्टर उइके के मार्गदर्शन में जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स को दी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भगवान सिंह उइके के निर्देश पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज डाहिरे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स छन्नू लाल तारक, श्री गौतम कुर्रे एवं हुलास साहू द्वारा तहसील स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 से संबंधित सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। साथ ही तकनीकी प्रशिक्षण प्रोग्रामर गिरीश चन्द्राकर द्वारा भी दिया गया। इसके पश्चात तहसील स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान गणना पत्रक भरने की प्रक्रिया, नाम जोड़ने, सुधार एवं विलोपन से संबंधित प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि पुनरीक्षण अवधि के दौरान बूथ स्तर अधिकारी घर-घर जाकर गणना प्रपत्र पात्र मतदाताओं तक पहुंचाएंगे और आवश्यक जानकारी संकलित करेंगे। इस विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज करना, आवश्यक सुधार करना तथा मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपित कर निर्वाचन सूची को और अधिक सटीक एवं पारदर्शी बनाना है।

# मिनी स्टेडियम छुरा में सांसद खेल महोत्सव का समापन, खिलाड़ियों ने लिया फिट इंडिया का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



### अनुशासन, समर्पण, श्रेष्ठ कला कौशल के लिए पुरस्कृत हुए खिलाड़ी

युवा शक्ति का उत्सव सांसद खेल महोत्सव मिनी स्टेडियम प्रांगण छुरा में संपन्न हुआ। सेवा पखवाड़ा से प्रारंभ हुआ यह वृहद कार्यक्रम खेल भावना के साथ आयोजित किया गया। खिलाड़ियों ने फिट इंडिया और खेलो इंडिया का संकल्प, एक स्वस्थ, शक्तिशाली एवं समृद्ध राष्ट्र की दिशा में प्रेरणादायी सहभागिता देखने को मिला। , पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष मीरा ठाकुर रही। अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी ऋषा ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी, नगर पंचायत सभापति भोलेशंकर जायसवाल, जनपद पंचायत सभापति सुखबती टांडे, नगर पंचायत पार्षद संगीता दीक्षित, अजय दीक्षित, जनपद सदस्य नारायण प्रसाद सिन्हा, वंश ठाकुर, पूर्व सरपंच संतु ध्रुव, उप सरपंच संघ अध्यक्ष रूपनाथ बंजारे, पुनीत ठाकुर, शीतल ध्रुव, भारत साहू, जीवन लाल सोरी मंचासीन रहे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.एल. मतावले, मुख्य नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन, प्राचार्य सुरेश वर्मा, प्रेमलाल ध्रुव, पाल सिंह ध्रुव, आशारानी चतुर्वेदी, सनद कुमार लांजेवार, समन्वयक शंकर लाल यदु, प्रेमनारायण ध्रुव, महेन्द्र साहू, रामलाल टांडे, पंकज कुमार साहू, विनोद चंद्राकर, माधो ध्रुव, रोहित नेताम, खोरबाहरा निषाद, यशवंत सिन्हा, वीरेन्द्र ठाकुर उपस्थित रहे। मीरा ठाकुर ने कहा कि मैं खो-खो की खिलाड़ी रही हूं। छुरा नगर में ही मेरी शिक्षा दीक्षा हुई है। इसी मैदान में खेलकूद कर आगे बढ़ी हूं। मैंने खेलकूद का खूब आनंद लिया है। बच्चों को खेलते देखकर अपना बचपन याद आ गया। खिलाड़ियों को शुभकामना प्रेषित करते हुए कहा कि खेल के मैदान से जीवन की ऊंचाई तक पहुंचे। अपनी कमजोरी को ताकत बनाएं। एसडीएम ऋषा ठाकुर ने कहा की सहभागिता, जीतने से ज्यादा जरूरी ▶▶|शेष पेज 11 पर

## कर्मचारियों के आन्दोलन का प्रथम दिन रहा सफल

# वेतन वृद्धि की मांग को लेकर सहकारी बैंक के कर्मचारी हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

वर्ष 2021 से लंबित वेतनवृद्धि की मांग को लेकर जिला सहकारी बैंक रायपुर के कर्मचारियों के आन्दोलन का प्रथम दिन सफल रहा। जिसके चलते फिंगेश्वर के जिला सहकारी बैंक के अधिकारी कर्मचारियों ने भी विरोध प्रदर्शन किया। रायपुर, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ, रायपुर के आव्हान पर बैंक की छैः जिलों रायपुर, महासमुन्द, धमतरी, गरियाबंद, बलौदाबाजार–भाटापारा एवं सारंगढ़–बिलाईगढ़ की सभी 73 शाखाओं में कार्यरत कर्मचारियों सहित मुख्यालय रायपुर के लगभग 750 कर्मचारियों द्वारा वर्ष 2021 से देय वार्षिक वेतनवृद्धि की स्वीकृति माननीय उच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्णयादेशों के उपरांत भी बैंक के प्राधिकृत अधिकारी एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, छग द्वारा नहीं दिये जाने के कारण 29 अक्टूबर 2025 से चरणबद्ध आन्दोलन के प्रथम दिन काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर के सेवायुक्तों को प्रतिवर्ष 01 अप्रैल से वार्षिक वेतनवृद्धि दिया जाता रहा है, किन्तु बैंक के प्राधिकृत अधिकारी एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, छग द्वारा वर्ष 2021 से लगातार 5 वर्षों तक वेतनवृद्धि का लाभ माननीय उच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्णयादेशों के उपरांत भी नहीं दिया जा रहा है।

### बैंक की सभी शाखाएं एवं एटीएम बंद रखेंगे



ज्ञातव्य हो कि सहकारिता पंजीयक द्वारा प्रदेश के अन्य जिला सहकारी बैंकों एवं अपेक्स बैंक के लिए जारी आदेश से भिन्न सहकारी बैंक में प्रचलित सेवानियम के प्रावधानों के विपरीत पवनाथन कमेटी की सिफारिशों का हवाला देते हुए, जिला बैंक रायपुर के लिए बंधनकारी आदेश जारी करते हुए वार्षिक वेतनवृद्धि को बाधित किया गया है, जो कि दुर्भावनापूर्वक एवं कर्मचारियों के मौलिक अधिकारों के विपरीत है। चरणबद्ध आन्दोलन कार्यकम अनुसार 05 नवम्बर तक मांग पूरी नहीं होने पर, 06 नवम्बर को सभी कर्मचारी एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर बैंक की सभी शाखाएं एवं एटीएम बंद रखेंगे। उसके उपरांत भी स्वीकृति आदेश जारी नहीं करने पर 12 नवम्बर 2025 से बैंक के समस्त कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे, जिससे धान की खरीदी एवं राशि भुगतान तान सहित समी बैंकिंग कार्य तथा बैंक द्वारा संचालित समस्त योजनाओं से संबंधित सेवाएँ ठप्प हो जायेगी। फिंगेश्वर के जिला सहकारी बैंक मे शाखा प्रबंधक एस एन पांडेय, सहायक लेखापाल संजय गोस्वामी, पर्वेक्षक तोशण साहू, लिपिक महेश सिन्हा, हेमलता सोनी, अमरिका साहू, लोकेश साहू, रूबि साहू, दमेश्वर साहू आदि शामिल थे।

# अतरमरा में मनी भगवान सहस्त्रबाहू जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



छत्तीसगढ़ सिन्हा कलार समाज के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर छत्तीसगढ़ राज्य के सभी ग्रामो में भगवान सहस्त्रबाहु जयंती मनाया गया।इसी तारतम्य में ग्राम अतरमरा में दिनांक 28 अक्टूबर को भगवान सहस्त्रबाहु जयंती मनाया गया। कलार समाज के द्वारा आपस में सामाजिक समरसता, एकता, जनजागरुकता के तहत कलार समाज के इष्ट देव के सहस्त्रबाहु जयंती मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इष्ट देव सहस्त्रबाहु के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर राजिम क्षेत्र के मंडलेश्वर रामलाल सिन्हा,ग्राम प्रमुख सुभाष कुमार सिन्हा,पूर्व जिला मंत्री एवम अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विनोद सिन्हा, जगत सिन्हा अध्यक्ष युवा मंच राजिम परिक्षेत्र, खेमूराम सिन्हा सह संपादक गरियाबंद, टीकम सिन्हा क्षेत्राधिकारी,महिला मंच के ग्राम प्रमुख उर्मिला सिन्हा, ग्रामपंचायत अतरमरा के उपसरपंच येश कुमार सिन्हा प्रज्जलवित कर पूजा अर्चणा की गई।साथ कलश यात्रा निकाल कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया।

**56 भोग प्रसादी वितरण-** उपरोक्त सहस्त्रबाहु जयंती में ग्राम अतरमरा के स्वजातीय बंधुयों द्वारा 56 भोग व्यंजन स्वादिष्ट प्रसादी वितरण समस्त सामाजिक बंधुवो में वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में कहां की सिन्हा समाज एक प्रगतिशील समाज है। प्रगति की सीढ़ी पर निरंतर चढ़ते हुए प्रत्येक क्षेत्र में सफलता हासिल कर कीर्तिमान स्थापित की है। सहत्रबाहु महाभारत के अध्याय 15 श्लोक 88 तथा 89 में वर्णन है। नर्मदा नदी का जलपान करने की इच्छा से देवाधिदेव भगवान शिव प्राचीण अस्टिमती में लिंगाकार होकर स्वयं विराजमान है।हैययवंशी कृतवीर्य के पुत्र होने से ▶▶|शेष पेज 11 पर

**खबर संक्षेप**

## संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में देवांश का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन



**महासमुंद।** द न्यू होली फेथ स्कूल के छात्र देवांश दास महंत पिता नरेश दास महंत ने क्रिकेट प्रतियोगिता में जिला एवं संभाग से जीत हासिल कर राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता में वर्चस्व स्थापित किया। 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता क्रिकेट 14वर्ष अंडर बालक वर्ग संभाग स्तरीय क्रिकेट आयोजित स्थल माना एयरपोर्ट ग्राउंड रायपुर में हुआ। रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, बलौदाबाजार इन पांचों जिला के खिलाड़ियों के मध्य अपना बेहतर प्रदर्शन कर विजेता बने। खिलाड़ी देवांश अंबिकापुर जिला सरगुजा के क्रिकेट ओवल पिच पर प्रदर्शन करेंगे। छात्र देवांश के इस सुअवसर उपलब्धि के लिए संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन, प्राचार्य शर्वरी पींचा, खेल प्रशिक्षक जगदीश धीवर एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक -शिक्षिकाओं ने हर्ष जताया है।

## शोभायात्रा का तुषार ने किया स्वागत

**महासमुंद।** गुजराती समाज द्वारा जलाराम जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने नगर में पारंपरिक तरीके से भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा का स्थानीय लोहिया चौक में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू द्वारा फूल माला से स्वागत किया। तुषार ने गुजराती समाज के लोगों से मिलकर जलाराम जयंती की बधाई दी। नगर में इस कार्यक्रम की चर्चा रही। गुजराती समाज के पुरुष, महिलाएं व बच्चों ने गाजे बाजे व आतिशबाजी के साथ नगर में धूमधाम से जयंती मनाई।

### राजनीति: जिले के बलौदा क्षेत्र में तीन युवकों की आकस्मिक मृत्यु का मामला गरमाया

# जहरीली शराब से नहीं बल्कि स्वाभाविक मौत पर राजनीति कर रहीं विधायक नंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

- भाजपा नेताओं ने कांग्रेस विधायक के बयान को गैर जिम्मेदाराना, किया संयुक्त खंडन

जिले के बलौदा क्षेत्र में तीन युवकों की आकस्मिक मृत्यु को लेकर कांग्रेस द्वारा लगातार फैलाए जा रहे "जहरीली शराब" के दावे को भाजपा नेताओं ने पूरी तरह से असत्य, भ्रामक और राजनीतिक साजिश बताते हुए कहा है कि यह अत्यंत शर्मनाक है कि वर्तमान विधायक चातुरी नंद जैसी जिम्मेदार सार्वजनिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा बिना किसी चिकित्सा या जांच आधारित रिपोर्ट के अफवाहें फैलाई जा रही है। भाजपा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व





महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन उपवेजा और मंडल अध्यक्ष नीलांबर तांडी ने संयुक्त प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि यह मामला पूरी तरह राजनीतिक और सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की कोशिश है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन उपवेजा ने कहा अब तक की सभी रिपोर्टें यह साबित करती हैं कि कांग्रेस केवल भ्रम फैलाने में लगी है। विपक्ष अफवाहों के सहारे सरकार की छवि धूमिल करने का असफल प्रयास कर रहा है। प्रदेश प्रभारी भाजपा महिला मोर्चा व पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने कहा कि कांग्रेस और विधायक चातुरी नंद द्वारा दिया गया बयान पूरी तरह गैरजिम्मेदाराना है। बिना सत्यापन के इस तरह के बयान न केवल मृतकों के परिवार के प्रति असंवेदनशील हैं, बल्कि प्रशासनिक जांच को भी प्रभावित करने का प्रयास हैं।

**मृत्यु प्रमाण पत्र से स्पष्ट हुई सच्चाई**

भाजपा मंडल अध्यक्ष नीलांबर तांडी ने बताया कि तीनों मृतकों के मृत्यु प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत बलौदा से जारी किए जा चुके हैं। इनमें से एक व्यक्ति का प्रमाण पत्र श्री बालाजी हॉस्पिटल, रायपुर से प्राप्त हुआ है, जिसमें स्पष्ट उल्लेख है कि मृत्यु हृदय गति रुकने से हुई है। बाकी दो मृतकों के प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत बलौदा द्वारा जारी किए गए हैं, जिनमें किसी भी प्रकार की 'जहरीली शराब सेवन' की पुष्टि नहीं है। तांडी ने आगे कहा कि यदि यह सचमुच जहरीली शराब से मौत होती, तो प्रशासन द्वारा तत्काल पोस्टमार्टम जरूर करवाया जाता। लेकिन, किसी भी मृतक का पोस्टमार्टम नहीं हुआ। जिससे साफ है कि यह मामला स्वास्थ्यगत कारणों से हुई स्वाभाविक मृत्यु है।



## महाविद्यालय में मोल डे पर पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ संध्या भोई के निर्देशन एवं शब्या पटेल (विभाग अध्यक्ष -रसायन शास्त्र एवं आईक्यूएसी प्रभारी) के मार्गदर्शन तथा अनिल गुप्ता, अक्षय कुमार साहू एवं पीतांबर बाघ के अगुवाई में रसायन शास्त्र विभाग में मोल डे पर पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यादायिनी मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्बोधन की कड़ी में विभाग अध्यक्ष शब्या पटेल ने कहा कि रसायन विज्ञान में मोल दिवस सुबह 6.02 बजे से शाम 6.02 बजे तक मनाया जाने वाला एक अनौपचारिक अवकाश है। यह दिवस एवोगेड्रो संख्या के सम्मान में मनाया जाता है। प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई ने अपने उद्बोधन में कहा कि ज्ञान और विज्ञान में अटूट संबंध होता है। यह दिन रसायन विज्ञान के प्रति रुचि को बढ़ावा देने के लिए होता है। उन्होंने छात्रों को जीवन में सफलता के महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। विभाग द्वारा ओजोन दिवस पर (वैश्विक मंच पर ओजोन परत की सार्थकता) पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य एवं विभाग अध्यक्ष के कर कमलो से पुरस्कृत किया गया। पश्चात गूगल सीट के माध्यम से कुछ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रसायन शास्त्र विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र /छात्राएं उपस्थित रहे।

## इतिहास विभाग में विभागीय सेमिनार का आयोजन, धरोहर झरोखा का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर कॉलेज के इतिहास विभाग में प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन डॉ रीता पांडेय विभागाध्यक्ष एवं मृणाली चंद्राकर के संयोजन में विभागीय सेमिनार का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने सेमिनार की प्रस्तुति पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया।



डॉ.रीता पांडेय ने बताया कि इस वर्ष विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानियों एवं महासमुंद जिले के पर्यटन संस्कृति से संबंधित विषयों को प्रोजेक्ट कार्य के अंतर्गत दिया गया। विद्यार्थियों के द्वारा स्थलों का अवलोकन कर एवं स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार से व्यक्तिगत मिलकर स्वतंत्रता सेनानियों की जानकारी एकत्र कर अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर रहे हैं। इसी प्रोजेक्ट को पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों के द्वारा सेमिनार में प्रस्तुत किया गया। सेमिनार पश्चात विद्यार्थियों को सभागार स्थित धरोहर झरोखा जो इतिहास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रदर्शित करने हेतु संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सौजन्य से बनाया गया है का अवलोकन कराया गया। साथ ही मूर्तियों के संबंध में जानकारी दी गई। विद्यार्थी महेंद्र चक्रधारी द्वारा धरोहर झरोखा हेतु टेराकोटा आर्ट का फ्लावर पार्ट प्रदान किया गया। इस सेमिनार में एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी रुपाली, चांदनी, नोमेश्वरी, हेमलता, खुशी, प्रियंका, दीपाली, लिकेश, योगेश, ललिता, यशवंत, जयेश, बिना, सागरचंद, लता, भुवनेश्वरी, पल्लवी, मनीषा, महेंद्र चक्रधारी, आकाश आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया भगवान सहस्त्रबाहू जयंती उत्सव, कलार समाज के प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

भगवान विष्णु के 24 में अवतार भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती दर्शन कलार समाज बसना शहर मंडल के तत्वावधान में कलार समाज भवन टिकरापारा बसना में बड़े धूमधाम से मनाया गया। यह पर्व सामाजिक उत्थान के लिए और क्षत्रिय धर्म की रक्षा की संदेश के लिए एक सनातन परंपरा के रूप में प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है।

भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा अर्चना के साथ ही कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसमें फुलझर परिक्षेत्र मंडलेश्वर शिव प्रसाद डड़सेना एवं बसना नगर इकाई अध्यक्ष जगदीश डड़सेना तथा डॉ



खुशबू अग्रवाल अध्यक्ष नगर पंचायत बसना ने दीप प्रज्ज्वलन आरती पूजा से कार्यक्रम की शुरुआत की। होनहार बालक बालिकाओं सहित शासकीय विभाग में उत्कृष्ट सेवा दे रहे लोगों को सम्मानित किया गया। साथ ही बच्चों ने अपनी सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति भी दी। नारी शक्ति के जय घोष के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ खुशबू अग्रवाल एवं पार्षद राकेश डड़सेना ने कार्यक्रम में भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद समाज जनो के साथ उठाया तथा कलार समाज बसना शहर मंडल द्वारा सामुदायिक भवन में शेड निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों के लिए मांग पत्र सौंपा गया। साथ ही भूतपूर्व सचिव सुशील सिन्हा, पूर्व नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष अभिमन्यु जायसवाल, डॉ गिरधारी लाल डड़सेना, लखन सिन्हा, सुरेश सिन्हा, पितराम, कुटू डड़सेना सहित दिनेश डड़सेना, गिरीश गजेंद्र, डॉ शोभा, नरेंद्र डड़सेना एवं गोपेश डड़सेना ने होनहार बच्चों एवं विभिन्न कर्मचारियों एवं वृद्धजनों का साल श्रीफल से सम्मान किया। महिला मंच प्रमुख राधा रानी डड़सेना एवं मंडलेश्वर फुलझर कलार समाज शिव प्रसाद डड़सेना द्वारा धन्यवाद ज्ञापन ज्ञापित किया।

## विकासखंड स्तरीय गणित एवं विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय गणित एवं विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 29 अक्टूबर 2025 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे एवं जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। प्रतियोगिता प्रारंभिक एवं माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए रखी गई थी, जिसे तीन चरणों मौखिक प्रश्नावली, लिखित प्रश्न परीक्षा तथा सबसे तेज़ जवाब में विभाजित किया गया था। विकासखंड महासमुंद के 38 संकुलों से कुल 152



विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने ज्ञान एवं तर्कशक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम अक्षा गुप्ता थीं। विशेष अतिथियों के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, एपीसी डीएन जांगड़े, डाइट प्राचार्य प्रतिनिधि उमा गौरी शर्मा, सेजेस हिंदी माध्यम विद्यालय महासमुंद के प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य, डीपीओ कमल नारायण चंद्राकर, कृषि अनुसंधान केंद्र भलेसर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. साकेत, बीईओ लीलाधर सिन्हा, प्राचार्य सेजेस हेमंत आचार्य, एबीईओ तारिक कुंजाम, हीना धालेन एवं बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजयी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीएम अक्षा गुप्ता ने विद्यार्थियों को सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और सीखने की प्रक्रिया में निरंतर सक्रिय रहने की प्रेरणा दी। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने कहा कि गणित और विज्ञान ऐसे विषय हैं जो विद्यार्थियों में तार्किक सोच और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर प्रयोग करते हुए सीखने की अपील की।

कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में लता राजन, राजेश्वर चंद्राकर, चंद्रशेखर मिथिलेश, रुक्मणी साहू, भारती सोनी, सीमा जैन, स्वाति चंद्राकर एवं सोनल साहू का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन खेमिन साहू ने किया। आयोजन में संकुल समन्वयकों अशोक साहू, नीरज साहू, आशीष साहू, गणेश राम टंडन, ईश्वर कुमार, ललित, पवन साहू, ए.चंद्रशेखर डोरा, फनेंद्र बंजारे एवं सुरेंद्र कुमार चंद्राकर ने सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही ब्लॉक कार्यालय से केशव साहू एवं भुनेश्वर साहू का भी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## सरायपाली में हुई आम आदमी पार्टी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली विधानसभा में आम आदमी पार्टी की बैठक हुई। प्रदेश के 90 विधानसभा में दौरा कार्यक्रम चल रहा है। इसमें रायपुर से पदाधिकारी उपस्थित थे। छग का अंतिम विधानसभा सरायपाली है। संगठन विस्तार के बारे में विशेष चर्चा की गई। सभी गांवों में गांव प्रमुख, ब्लाक अध्यक्ष व प्रभारी नियुक्त किया जाएगा। संगठन विस्तार चर्चा में सबसे प्रमुख मुद्दा बिजली बिल का है और गांव के सड़कों की हालत भी बहुत ख़राब है। आने वाले समय में एक उचित कार्यक्रम तैयार कर वृहद आंदोलन किया जाएगा। बैठक में रायपुर जिला अध्यक्ष नवनीत नंदे, महासचिव नरेंद्र सिंह ठाकुर, महासमुंद जिलाध्यक्ष राकेश झाबक, सुरेंद्र बिसेन प्रभारी महासमुंद लोकसभा, संजय यादव सचिव महासमुंद, महेश यादव अध्यक्ष लोकसभा महासमुंद,



संजय गुप्ता, मोहन साहू, मधु यादव, शिव कुमार शर्मा, आनंद गोयल सरायपाली, चमन यादव जिला अध्यक्ष गरियाबंद, हरीश कुमार पटेल यूथ जिलाध्यक्ष गरियाबंद उपस्थित रहे।

## मानव चेतना विकास का बेहतरीन विकल्प जीवन विद्याः कोकड़िया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- 1000 से अधिक लोगों को शिक्षकों ने कराया जीवन विद्या भोज

मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही व मानवीय जागृति सेवा संस्थान रायगढ़ के तत्वावधान में 1000 विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों, महाविद्यालयीन छात्र -छात्राओं, गृहिणियों, कृषकों, युवक-युवतियों को चेतना विकास मूल्य शिक्षा कार्य शाला के माध्यम से जीवन विद्या ज्ञान से अवगत कराया गया। शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया ने इसका प्रबोधन करते हुए मानव के जागृति में सहायक प्रमुख बिंदुओं मानवीय मूल्यों, मानवीय स्वभाव, मानवीय संस्कार, मानवीय आहार, विहार, व्यवहार, मानवीय व्यवस्था, मानवीय परिवार, मानव-मानव संबंध व मानव-प्रकृति संबंध, आवर्तन शीलता, विश्वास, सम्मान, स्नेह, गौरव, प्रेम, प्रेरणा का श्रोत, न्याय, धर्म, सत्य, मानव का परिभाषा, हर वस्तु के उपयोग, सदुपयोग, प्रयोजन का तरीका, रुप, गुण, स्वभाव, धर्म से जानने का तरीका बताया। शिक्षक सुरेंद्र गुप्ता डूमरमूढा सरकारी स्कूल के मेहनत, संपर्क व संबंध व व्यवहार पक्ष को सबने सराहा। 600 से अधिक लोगों को अपने स्वधन से प्रतिदिन भोजन भी कराया। घर-घर जाकर प्रत्येक परिवारजनों को विद्यालय आने के लिए प्रेरित किए।

## देवरी स्कूल में "पुलिस की समाज में भूमिका" पर हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी विकासखंड बागबाहरा में बुधवार को पुलिस विभाग के सौजन्य से पुलिस की समाज में भूमिका कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कोमाखान थाना प्रभारी नीतेश सिंह उपस्थित रहे। क्षेत्र के जनपद सदस्य राहुल चंद्राकर, सरपंच अहिल्या देवी, सरपंच प्रतिनिधि शांता साहू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य बिंदु पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने बताया कि विपरीत परिस्थिति में भी पुलिस के जवान अपने कर्तव्य पर डटे रहते है, इससे आम नागरिक सुरक्षित रहते है। मुख्य वक्ता थाना प्रभारी ने बताया गया कि पहले आम नागरिक को अपनी जवाबदारी समझते हुए सुधरने की आवश्यकता है। लोग नशा नहीं करे, नशे की लत से जीवन नष्ट हो सकता है। पुलिस




अपराध के रोकथाम हेतु प्रयासरत रहते है। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंचती है। अपराध कोई भी घटित हो सकता है, लेकिन सामाजिक जागरूकता से अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है। 21 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया जा रहा है। सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस के दिन कार्यक्रम का समापन होगा।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने पक्ष और विपक्ष में समाज में पुलिस की भूमिका पर अपने विचार रखें। नीरज बंजारे, नीलकंठ नागेश, केयूर भूषण धृतलहरे, भूमिका साहू, ट्विंकल महिलांग, योगेश्वरी साहू, पूजा साहू, धनेश्वरी सेन, मोहित सेन, विद्यालय के व्याख्याता नेशलाल धृतलहरे ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयास से ही देशी रियासतों का एकीकरण किया गया। फलस्वरूप हमें आजादी की प्राप्ति हुई।

कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। विद्यालय के व्याख्यातागण संजय बारसागढ़े, आनंद राम व्यौहार, भोज राम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, नीलू सोनी, रविप्रकाश पात्रे, बीएल टंडन, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, देवानंद चंद्राकर, मौसमी चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर भारतीय, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कस्तूरबा गांधी आश्रम बेलसोंडा में मानसिक स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** एनएचएम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कस्तूबा गांधी आश्रम एवं स्कूल बेलसोंडा में मानसिक स्वास्थ्य जांच एवं मनोसामाजिक परामर्श शिविर आयोजित किया गया। स्कूली बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में तथा उनके बीमारी के लक्षण जैसे मन का उदास होना, नींद ना आना, गुस्सा करना, अपने आपको नुकसान पहुंचना, नशा का आदि होना, आत्मविश्वास में कमी, रुचिगत कार्य में मन नही लगना, चिंता करना व्यवहार में परिवर्तन होना आदि की जानकारी दी गई। साथ ही रोकथाम के उपाय अपना दैनिक दिनचर्या को ठीक रखने, आपसी समन्वय स्थापित, एक दूसरे से वार्तालाप, हल्का व्यायाम, योगा अभ्यास, अपना स्वयं की सफाई, मोटिवेशन, मनोरंजन जैसे किताब पढ़े, खेल खेलने के लिए प्रेरित किया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर (हेल्थ वेलनेस सेंटर) बेलसोंडा के रविशंकर कन्नौजे आरएचओ एवं सरिता बार्गव सीएचओ को निर्देशित किया गया कि मानसिक स्वास्थ्य मरीजों को स्क्रीनिंग कर परामर्श देते हुए जिला अस्पताल रेफर करें। प्रतिमाह का रिपोर्ट भी करें। शिविर में मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल से रामगोपाल खूंटे, खोमन लाल का सहयोग रहा।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष की पुनर्गठन में घमासान दिल्ली में नाम पर मुहर के बाद होगी लिस्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

कांग्रेस पार्टी के भीतर जिला अध्यक्ष की रेस में घमासान मचा हुआ है इस बार जिला अध्यक्ष के चुनाव को लेकर कांग्रेस ने दिल्ली से पर्यवेक्षक भेजकर जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से उनकी राय मांगी है और तो और लगभग 20 दिनों पूर्व कांग्रेस पर्यवेक्षक एवं राजस्थान के पूर्व मंत्री रेहान रियाज चिश्ती ने बकायदा मैनपुर, गरियाबंद, छुरा, फिंगेश्वर, अमलीपदर, देवभोग तक पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों वरिष्ठजनों से वन टू वन चर्चा किया और सभी से रायसुमारी किया गया है। इसके बाद दिल्ली पहुंचकर दावेदारों की सूची व




कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की राय से पार्टी हाईकमान को अवगत कराया जा चुका है जिसके बाद अब कांग्रेस जिला अध्यक्ष पुनर्गठन में नाम पर मुहर लगने के बाद जल्द लिस्ट जारी होने की उम्मीद बनी हुई है तो वहीं कांग्रेस जिला अध्यक्ष के दावेदार एवं पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को भी नये जिला अध्यक्ष सूची की बेसब्री से इंतिजार है। साथ ही जिला अध्यक्ष के बाद नये ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षो की भी सूची जारी किये जाने की उम्मीद है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष में नामो की सूची जाने के बाद अब सबकी नजर नए जिला अध्यक्ष को लेकर बनी हुई है जातिगत संतुलन से लेकर पॉलीटिकल प्रोफाइल पर आला कमान की नजर टिकी हुई है। इस बार युवा चेहरे को तरजीह मिलेगा या वरिष्ठ अनुभवी नेता की ताजपोशी होगी जैसे कई सवाल सियासी गलियारे में तैर रहे है। बताते चले कांग्रेस आला कमान के द्वारा इस बार चयन प्रक्रिया के लिए विशेष मापदंड बनाकर संगठन सृजन अभियान चलाया गया जिसमें कांग्रेस के अंतिम छोर के कार्यकर्ता से राय ली गई है आब्जर्वर पर्यवेक्षक ने कार्यकर्ताओं से वन टू वन मिटिंग की है और तो और गरियाबंद जिला अध्यक्ष के लिए इस बार युवाओ ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया है। गरियाबंद जिले से जिला अध्यक्ष के लिए जो नाम दावेदारों के रूप में सामने प्रमुखता से आये उसमें शैलेन्द्र साहू, युगलकिशोर पाण्डेय, भवानी शंकर शुक्ल, सुखचंद बेसरा एवं कुछ अन्य के नाम शामिल है।

## छात्रावास में छात्रों को दी गई कानूनी जानकारी

**महासमुंद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के तत्वावधान में जिला न्यायालय तथा तालुका स्थित न्यायालय के न्यायाधीशों के द्वारा स्कूल कालेज, छात्रावास तथा पंचायतों में जाकर शिविर के माध्मय से छात्राओं एवं नागरिकों को अलग अलग कानून के विषयों पर आधारित सरल कानूनी शिक्षा के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आफरीन बानो ने बताया कि प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी द्वारा बीटीआई



रोड स्थित अनुसूचित जाति जनजाति बालक प्री मैट्रिक छात्रावास में छात्रों को विभिन्न विषयों से संबंधित जैसे टोनही प्रताड़ना अधिनियम, यातायात अधिनियम, बालकों का देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम, पाक्सों एक्ट (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम) तथा मोबाइल एवं साइबर से सर्तकता की जानकारी के साथ-साथ छात्राओं द्वारा उत्सुकता से पूछे गए प्रश्नों पर जानकारी दी गई। इसके अलावा महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों से संबंधित कानूनों की जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिए गए वाले सलाह एवं सहायता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 39 में सभी के लिए न्याय सुनिश्चित किया गया है। गरीबों तथा समाज के कमजोर वर्गों के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है।

## खबर संक्षेप



### सहकारी बैंक मैनपुर के कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर किया विरोध प्रदर्शन

**मैनपुर।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के आह्वान पर मैनपुर के कर्मचारियो ने काली पट्टी लगाकर प्रदर्शन किया हाईकोर्ट के फैसले के बावजूद जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारियों को 2021 से वेतन वृद्धि की राशि शासन नहीं दे रहा है। नाराज कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन की राह पर निकल गए हैं। आज गरियाबंद जिले के 9 सहकारी बैंकों में कार्यरत 45 से कर्मचारी आधिकारियों ने काली पट्टी लगाकर काम किया। सहकारी बैंक कर्मचारी नैनसिंह दाउ ने बताया कि 3 नवंबर तक काली पट्टी बांध कर काम करेंगे इस 1 घंटे के लिए कलम बंद कर प्रदर्शन करेंगे। 6 नवंबर से सामूहिक अवकाश, 7 नवम्बर को नोडल कार्यालय में प्रदर्शन तथा 12 नवम्बर से मांग पूर्ण होते तक बैंक मुख्यालय सहित समस्त शाखाओं में एटीएम मशीनों में ताला बंदी कर अनिश्चित कालीन प्रदर्शन करेंगे। सहकारी समिति कर्मचारी के सहकारी बैंक कर्मी के आंदोलन से धान खरीदी की तैयारी पुरी तरह से प्रभावित होगी। उल्लेखनीय है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर के सेवायुक्तो को 01 अप्रैल से वार्शिक वेतन वृद्धि दिया जाता रहा है लेकिन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ द्वारा वर्श 2021 से लगातार 5 वर्शो तक का वेतन वृद्धि का लाभ उच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्णय के बाद भी नहीं दिया जा रहा है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** ग्राम बड़ेसाजापाली में ट्रैक्टर की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को लखनलाल जांगड़े निवासी ग्राम छातापठार ने बताया कि 23 अक्टूबर को उसका भाई जयराम जांगडे पिता गनपत जांगड़े अपने मोटर सायकल होंडा शाइन क्रमांक सीजी 11 बीबी 1230 से लगभग 11 बजे ग्राम छातापठार से बड़ेसाजापाली के बाजार पडाव की ओर जा रहा था। बड़े साजापाली के पुराने पंचायत भवन के आगे मेन रोड पर पहुंचने पर सामने आ से रहे स्वराज ट्रैक्टर वाहन क्र. सीजी 06 जीआर 2435 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाकर उसके भाई के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

**पर्व : पंचकोशिय आदर्श धर्म शाला मे गोपाष्टमी पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया**

# पंचकोसी धाम गौशाला में भव्य गोपाष्टमी उत्सव गौ सेवा के लिए मासिक अंशदान पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



कार्तिक माह की अष्टमी तिथि 29 अक्टूबरको पंचकोसी धाम आदर्श गौशाला फिंगेश्वर में गोपाष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। यह दिन वह पौराणिक तिथि है जब भगवान श्रीकृष्ण ने माता की जिद्द पर पहली बार गौ-चरवाही शुरू की थी। इस अवसर पर गौ चालीसा पाठ, गौ गायत्री यज्ञ और गौ-पूजन जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। गोपाष्टमी पर्व की शुरुआत गौशाला में प्रातः 8:00 बजे चित्रनंद महाराज द्वारा गौ चालीसा पाठ से हुई। इसके बाद, राजिम गायत्री शक्तिपीठ से पधारे शंकर लाल एवं संरक्षक मंडल के परमानंद यादव के सानिध्य में वाद्य यंत्रों और मंत्रोच्चार के साथ गौ गायत्री यज्ञ संपन्न हुआ। यज्ञ के जजमान गौशाला अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर हरित एवं सचिव ओमप्रकाश दंपति रहे। पूजन के बाद गौशाला में गोवर्धन पूजन, सोहाई, खिचड़ी, झूमर व बर्दिहा प्रसादी तथा संगवारी के गौ जागरण दोहा का आयोजन किया गया।

**गौ सेवा के लिए समय दें और मासिक सहयोग करें-** गोपाष्टमी पर्व की शुरुआत पंचकोसीय धाम मंदिर ट्रस्ट समिति के सर्वराकार राजा निलेंद्र बहादुर सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं गौशाला अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर हरित की अध्यक्षता में हुई। भागवत हरित (नगर विकास समिति अध्यक्ष) उन्होंने भारतीय संस्कृति के अनुयायियों से किसी न किसी रूप में गौ सेवा के लिए समय देने और रोज गौशाला पहुंचकर सेवा करने की बात कही। पंडित त्रिभुवन महाराज (गौशाला संरक्षक) उन्होंने भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि जो लोग घर में गोपालन में असमर्थ हैं, वे गौशाला में कम से कम एक गौ के पालन के मासिक व्यवहार की घोषणा करें और उसका पालन करें। रामू राम साहू उन्होंने कहा कि बिना गाय के मनुष्य अधूरा है, सत्यनारायण की कथा हो या कोई भी पूजा, बिना गाय के वह असंभव है क्योंकि गौरी गणेश भी गोबर से बनते हैं।



**6 नए सदस्यों ने की मासिक सहयोग की घोषणा-** अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. चंद्रशेखर हरित ने गौशाला संचालन हेतु 9 सक्रिय सहयोगी सदस्यों की आवश्यकता व प्रस्ताव का जिक्र किया और गौ सेवा के लिए तन-मन-धन से तत्परता दिखाते हुए सदस्यता की अपील की।

**उनकी अपील पर 6 नए सदस्यों ने तत्काल सदस्यता स्वीकारते हुए मासिक सहयोग राशि की घोषणा की-** 1. नोशा साहूः 11,000/- प्रतिमाह, 2. अचल साहूः 700/- मासिक, 3. नूतन साहू 500/- मासिक, 4.मरकाम मैडम (शिक्षिका):** 300/- मासिक, 5. चिंताराम साहू (सेवानिवृत्त शिक्षक) 200/- मासिक

6. जगदीश साहू (पटवारी): 200/- मासिक डॉ. हरित ने संस्था की पारदर्शिता पर जोर दिया, उन्होंने बताया कि गौशाला में मासिक बैठक रखी जाती है, रजिस्टर का ऑडिट होता है और कोई भी व्यक्ति या सदस्य, दूध, गोबर या फल-फूल जैसी कोई भी वस्तु फ्री में नहीं ले जाता; सबकी रसीद काटी जाती है।

**राजा निलेंद्र ने किया सहयोग की घोषणा-** कार्यक्रम के अंत में गौशाला की ओर से सभी पुरुष कर्मचारी, चरवाहा और महिला कर्मचारियों का प्रतीकात्मक स्वागत करते हुए लिफाफे में भेंट प्रदान की गई। मुख्य अतिथि राजा निलेंद्र बहादुर सिंह ने उद्बोधन में असमर्थता व्यक्त करते हुए गौशाला के लिए 5100 की सहयोग राशि की घोषणा की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उपाध्यक्ष जगदीश साहू, सचिव ओम प्रकाश साहू, संरक्षक मंडल से अमृत यदु, परमानंद यादव सहित अन्य सदस्यों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। धन्यवाद ज्ञापन नूतन साहू ने किया। खिचड़ी भोजन प्रसादी और श्री कृष्ण मंदिर में संध्या आरती के साथ समारोह संपन्न हुआ।

## सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम का जिला स्तरीय वक्ता प्रशिक्षण आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सरस्वती शिशु मंदिर गरियाबंद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100वें वर्ष के उपलक्ष्य में सप्तशक्ति संगम का एक जिलास्तरीय वक्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नारी शक्ति के विशिष्ट गुणों और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर ज़ोर दिया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना और रूपरेखा प्रांत सह संयोजिका दीदी ताकेश्वरी साहू ने प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि नारी शक्ति के भीतर सात गुणों (कीर्ति, श्री, वाक, स्मृति, मेधा, धृति और क्षमा) का संगम होता है, जिन्हें 'सप्तशक्ति' कहा गया है। उन्होंने संघ के 100वें वर्ष में 'पंच परिवर्तन' के महत्व पर भी प्रकाश डाला। वक्ता के रूप में माता जी चन्द्रलेखा गुप्ता ने कुटुंब प्रबोधन विषय पर उद्बोधन दिया। उन्होंने समाज को एकल परिवार की जगह संयुक्त परिवार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। साथ ही, मानसिक और भौतिक वातावरण को शुद्ध एवं सकारात्मक बनाए रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण में सभी के सक्रिय योगदान की आवश्यकता बताई। सप्तशक्ति संगम की जिला संयोजिका दीदी विनीता शर्मा ने भारत के विकास में महिलाओं के योगदान पर बोलते हुए कहा कि नारी को सुमति और प्रबुद्ध होकर परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी भूमिका को सशक्त बनाना चाहिए।

**सप्त शक्तियों को जागृत करने की प्रतिज्ञा-** कार्यक्रम के अंत में, सह संयोजिका दीदी हीरामणी साहू ने उपस्थित 45 मातृशक्तियों को अपनी सप्त शक्तियों को जागृत करने की प्रतिज्ञा दिलाई और कार्यक्रम के सफल समापन की घोषणा की। इस वक्ता प्रशिक्षण में प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख एवं राजिम विभाग समन्वयक मानिकलाल साहू का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रभारी चैन सिंह बघेल, ग्राम भारती अध्यक्ष कैलाश शुक्ला, जिला समन्वयक ग्राम भारती मालाराम रात्रे एवं प्रधानाचार्य देवभोग मनोज रघुवंशी का सहयोग सराहनीय रहा।

### कमार व भुंजिया जनजाति मूलभूत सुविधाओं के लिए करेंगे पदयात्रा राज्यपाल को सौंपेंगे ज्ञापन

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर कमार समाज भवन में बैठक आयोजित किया गया जिसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है कि विशेष पिछड़ी कमार एवं भुंजिया जनजाति की समस्याओं को लेकर आंदोलन किया जायेगा और मैनपुर से पदयात्र निकाली जायेगी और समस्या से छत्तीसगढ़ के राज्यपाल को अवगत कराया जायेगा।



कमार समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष बनसिंग सोरी ने बताया कि आज भी विशेष पिछड़ी कमार एवं भुंजिया जनजाति के लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं उन्हे शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। पढ़े- लिखे, युवक -युवती नौकरी की मांग कर रहे हैं। कमार जनजाति ग्रामों में सड़क, बिजली, स्कूल, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षक जैसी बुनियादी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कुछ वर्ष पहले इस मांग को लेकर आंदोलन किए थे तो हमें गरियाबंद में रोक दिया गया और रायपुर नहीं जाने दिया गया। श्री सोरी ने कहा की 15 दिनों के भीतर हमारी समस्याओं का समाधान नहीं किया जायेगा तो मैनपुर से रायपुर तक पदयात्रा कर राज्यपाल को समस्याओं से अवगत करायेंगे।

## जिला पुलिस ने आत्मानंद स्कूल में चलाया विशेष जागरूकता अभियान

**साइबर सुरक्षा, नशा मुक्ति और यातायात नियमों पर फोकस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार गरियाबंद पुलिस द्वारा आत्मानंद विद्यालय में एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध, नशा मुक्ति, यातायात नियमों, महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित अपराधों की रोकथाम और त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, ओटीपी शेयरिंग, फेक लिंक और फर्जी कॉल से बचाव के उपाय बताए। साथ ही अभिव्यक्ति ऐप और पुलिस द्वारा जारी व्हाट्सऐप नंबर के माध्यम से शिकायत या संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने की प्रक्रिया समझाई। नशा मुक्ति पर बात करते हुए पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के भविष्य को नष्ट करता है। इसलिए युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा और सकारात्मक सोच की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के विषय में भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लगभग 80 छात्र-छात्राएं और शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। सभी ने उत्साहपूर्वक सवाल पूछे और अपनी जिज्ञासाएं साझा कीं। थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव ने कहा आज का विद्यार्थी कल का जिम्मेदार नागरिक है। इसीलिए गरियाबंद पुलिस का प्रयास है कि हर स्कूल तक सुरक्षा और जागरूकता का संदेश पहुंचे। साइबर अपराध, नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा और यातायात जैसे विषयों पर निरंतर जनजागरूकता जरूरी है। हमें गर्व है कि एसपी रखेचा के नेतृत्व और सतत मॉनिटरिंग में ये सभी अभियान लगातार प्रभावी रूप से चल रहे हैं। उनकी स्पष्ट दिशा और संवेदनशील पहल के कारण पुलिस-जन संवाद अब और मजबूत हुआ है। ओम प्रकाश यादव ने आगे कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर स्कूलों और कॉलेजों में आयोजित किए जाएंगे, ताकि युवाओं में जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना और सशक्त बने।

## पेज 9 के शेष...

### एकादशी के बाद...

के दिन चातुर्मास समाप्त होता है और भगवान विष्णु योग निद्रा से जागते हैं और फिर से सृष्टि का संचालन करते हैं। इसलिए इसे देवोत्थान एकादशी या देव प्रबोधिनी एकादशी कहा जाता है। देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा में गन्ना, कांदा, चना भाजी, जाम, कोचाई, और कई अन्य मौसमी फल - सब्जियां अर्पित की जाती है। ऐसा इसलिए किया जाता है क्योंकि चार महीने की योग निद्रा के बाद इस दिन जागते हैं। गन्ने का इस्तेमाल धार्मिक और पौराणिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल भक्ति और समृद्धि का प्रतीक है, बल्कि घर और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भी लाता है। इस परंपरा का पालन करने से संपन्नता, स्वास्थ्य और खुशहाली की प्राप्ति होती है।

**विवाह के शुभ मुहूर्त-** नवंबर 2025: 15 शुभ मुहूर्त, दिसंबर 2025: 3 शुभ मुहूर्त, जनवरी 2026: तारा डूबने के कारण कोई वैवाहिक मुहूर्त नहीं।

फरवरी-मार्च 2026: शेष शुभ मुहूर्त उपलब्ध होंगे। पंडित गोलू शर्मा ने बताया कि कार्तिक महीने की एकादशी तिथि को भगवान विष्णु चार माह की योगनिद्रा से जाग जाते हैं, जिसके बाद विवाह जैसे मांगलिक कार्य शुरू होते हैं।

### ग्राम डुमरघाट में...

कमार जनजाति के साथ आदिवासी एवं यादव समाज के लोग निवास करते है। बरदुला ग्राम से 07 किमी घने दुर्गम पहाड़ी जंगली रास्ता को पारकर इस गांव में पहुंचा जाता है सड़क नाम की कोई चीज नही है सिर्फ सड़क मरम्मत के नाम पर पिछले 5-6 वर्षों में लाखों रूपये मनरेंगा व अन्य योजना से निकालकर हजम किया जा चुका है। मौके पर सड़क गायब है यहां मोटर साइकिल तो दूर पैदल चलना किसी खतरे से कम नही है पैर फिसलते ही 20 से 25 फीट गहरे गड्ढे में गिरने की संभावना बनी रहती है पूरी सात किलोमीटर सड़क गड्ढो में तब्दील हो गया है। प्रधानमंत्री सड़क निर्माण के लिए चार बार सर्वे किया जा चुका है लेकिन अब तक निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नही की गई है।

**ठेकेदार स्कूल भवन निर्माण छोड़कर भागा-** गांव में प्राथमिक और मिडिल स्कूल है जिसकी दर्ज संख्या 21 है तीन शिक्षक बच्चों को शिक्षा देने प्रतिदिन पहुंचते हैं लेकिन प्राथमिक शाला भवन बेहद जर्जर हो गया है नया स्कूल भवन लाखो रूपये का स्वीकृत हुआ कौन निर्माण करवा रहा है इसकी जानकारी तक ग्रामीणों को नहीं है और तो और निर्माण एजेंसी कार्य कॉलम छड़ निकालकर पिछले एक वर्ष से अधूरा छोड़ दिया है। आठवी के बाद रास्ता नहीं होने के कारण अधिकांश बच्चे अपनी पढ़ाई छोड़ देते हैं। **गांव के नजदीक से बिजली की मुख्य लाइन गुजरी है लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री के घोषणा के बाद भी गांव में अंधेरा-** ग्राम डुमरघाट के नजदीक से देवभोग की तरफ मुख्य बिजली लाइन तार गुजरी है लेकिन इस गांव में आज तक बिजली की रौशनी नहीं पहुंची जबकि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने 12 वर्ष पहले डुमरघाट में बिजली लगाने की घोषणा किया था। सौर ऊर्जा सिस्टम यहां फ्लाप साबित हो रही है। ग्रामीणों को राशन चांवल दाल के साथ ही बुजुर्गो को वृद्ध पेंशन एवं माताओं को महतारी वंदन की राशि के लिए मीलो पैदल दूरी तय कर मैनपुर आना पड़ता है।

**गांव में नही पहुंचे ब्लॉक मुख्यालय के अफसर कलेक्टर से लगाई गुहार-** ग्राम डुमरघाट के ग्रामीणों ने बताया की इस गांव में सांसद विधायक की बात छोड़ दीजिए मैनपुर ब्लॉक मुख्यालय के सीईओ, बीईओ और डॉक्टर तक नही आते और तो और अधिकांश ग्रामीणों को सांसद विधायक का नाम भी नही मालूम। लेकिन यहां के ग्रामीणों ने गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके से फरियाद लगाया है कि इस गांव की मुख्य समस्या सड़क और बिजली को पूरा किया जाये इसके लिए ग्रामीण आने वाले दिनो में गरियाबंद पहुंचकर कलेक्टर से मुलाकात करने की बात कहते है। **स्वास्थ्य की कोई सुविधा नहीं-** जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव ने बताया की ग्राम डुमरघाट मूलभूत बुनियादी सुविधाओ के लिए तरस रहा है। सड़क नहीं है। पुल -पुलिया और तो और स्वास्थ्य की कोई सुविधा नहीं है मरीजों को कांवर में अस्पताल तक लाना पड़ता है। श्री ध्रुव ने कहा की यहां के ग्रामीणों को गरियाबंद कलेक्टर से मुलाकात करवा कर समस्या का समाधान करने की मांग करेंगे।

### मिनी स्टेडियम छुरा...

है। वही राह चुने जिसमें आपकी रुचि हो। जीवन के हर क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ देवें। उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी ने कहा की जीवन में सतत सीखने का दौर जारी रखें। हरफनमौला खिलाड़ी, खेल के हर क्षेत्र में विशेष योगदान रखता है, वैसे ही अपना मूल्य जीवन के हर क्षेत्र में बनाकर रखें। सभापति भोलेशंकर जायसवाल ने कहा कि लक्ष्य, ऊंचा रखें, सफलता अवश्य मिलेगा। संचालन शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने किया। आभार प्रदर्शन विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.एल. मतावले ने किया। एकल खेल एवं सामूहिक खेलों में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। दो दिवसीय खेल महोत्सव में विशेष योगदान हेतु आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा के स्काउट एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के गाइड और रेडक्रॉस के स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। टंकेश्वर मरकाम, विनोद देवांगन, वीरेन्द्र ठाकुर, जितेंद्र पाटकर, रामाधार यादव, रेखा प्रधान, हीरालाल साहू, डोमेश्वर ध्रुव, पंकज कुमार साहू, राजू साहू, ईश्वर सेन, संजीत कुमार निषाद, बलिराम टंडन, खिलेश्वर साहू, मो. वसीम कुरेशी, पूरन लाल साहू, रामप्रसाद साहू, युनुस परवेज खान, राजकुमार लहरे, पुरानिक नागेश, मानसिंग मार्कण्डेय, शिवकुमार ठाकुर, चंद्रवती सिन्हा, रेखा प्रधान, मोहिनी गोस्वामी, राजेश्वरी ठाकुर, सबीना नाज, सरोज वर्मा, लीलाराम सिन्हा ने विशेष सहयोग प्रदान किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा उत्तम स्वास्थ्य सेवा प्रदान किया गया। रसोईया, भृत्य एवं स्वीपर ने भोजन और पेयजल व्यवस्था में विशेष सहयोग प्रदान किया। खिलाड़ियों ने सांसद खेल महोत्सव में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

### अतरमरा में मनी...

कार्तवीर्य तथा भगवान दत्तात्रय की उपासना से सहस्त्र भुजाएँ हो जाने के वरदान प्राप्त हुआ है। जो सहस्त्रबाहु के नाम से विख्यात हुआ। ग्राम अतरमरा में सहस्त्रबाहु जयंती को सफल बनाने में रामलाल सिन्हा, सुभाष सिन्हा,ऐश कुमार सिन्हा, जगत सिन्हा,विनोद सिन्हा, टीकम सिन्हा, खेमू राम सिन्हा, विष्णु सिन्हा, ख़लिावन सिन्हा, घुरवा सिन्हा, रोहित सिन्हा, खगेश सिन्हा, ललित सिन्हा, दुलेश्वर सिन्हा, लालजी सिन्हा, भुवन सिन्हा, बबला सिन्हा, जीवन सिन्हा, मनोहर सिन्हा, रूपेश सिन्हा, मुकेश सिन्हा, तुलसी सिन्हा, कृपाल सिन्हा, सहित बड़ी संख्या महिला पुरुष बच्चे उपस्थित थे।

## चंदूलाल साहू ने किया राजीव लोचन, भक्तिन माता का दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

परिक्षेत्र साहू समाज खल्लारी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंदूलाल साहू गुरुवार शाम 5 बजे राजिम पहुँचे। उन्होंने यहाँ भगवान श्री राजीव लोचन और राजिम भक्तिन माता का दर्शन कर खल्लारी क्षेत्रवासियों सहित समस्त छत्तीसगढ़ वासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। राजिम आगमन पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंदूलाल साहू का साहू समाज के पदाधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने उन्हें शाल, श्रीफल एवं गुलदस्ता भेंट किया। इस अवसर पर नगर साहू संघ राजिम के अध्यक्ष रामकुमार साहू, सचिव राजू साहू, संगठन मंत्री विष्णु साहू, तरुण साहू, खल्लारी परिक्षेत्र के कोषाध्यक्ष वेणु साहू, सेवक साहू, सदाराम साहू, शांतकुमार साहू, धर्मेंद्र साहू, नंदकिशोर शर्मा एवं यादव समाज के प्रदेश महासचिव समलिया यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। **समाज एकता पर ज़ोर-** ज्ञात हो कि चंदूलाल साहू वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ चुके हैं। राजिम में उपस्थित सभी समाजजनों ने सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में समाज एकता एवं संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया।

### सीपत के पूर्व विधायक राधेश्याम शुक्ल का निधन, बिलासपुर में हुआ अंतिम संस्कार

**राजिम।** सीपत के पूर्व विधायक राधेश्याम शुक्ल का निधन गुरूवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार बिलासपुर में किया गया। मुखाग्नि बड़े बेटे राकेश शुक्ल ने दी। उनके दो बेटे और तीन बेटियां है। उनका जन्म 1933 में जांजगीर तहसील के महुदा ग्राम के मालगुजार परिवार में हुआ था। वे सन 1954 में बिलासपुर एसबीआर कॉलेज से स्नातक और 1956 में नागपुर के मात्रिय कॉलेज से इतिहास विषय में स्नातकोत्तर एम० ए० व विधि की एल. एल० बी० परीक्षा पास किया। इसके बाद वे शासकीय सेवा में आ गए। नायब तहसीलदार बने। वे बागबहरा महाविद्यालय में इतिहास के व्याख्याता रहे। सार्वजनिक सेवा की तीव्र ललक के चलते रिजाइन देकर खैरा ग्राम पंचायत के दस वर्ष तक सरपंच रहे। वे इस दौरान बिल्हा जनपद पंचायत के सदस्य के रूप में कार्य करते हुए नवयुवकों को संगठित किया और इसे जिला स्तर का रूप देकर युवक मंडल की स्थापना कर युवकों की शक्ति को रचनात्मक दिशा की ओर प्रेरित किया। श्री शुक्ल सन 1972 में बलोदा क्षेत्र से प्रथम बार विधायक चुने गए। इसके बाद सन 1977 और 1980 में लगातार सीपत क्षेत्र से विधायक चुने गए। जनता शासन और कांग्रेस शासन में प्राक्कलन समिति के सदस्य के रूप में देश के कई राज्यों में मध्यप्रदेश का नेतृत्व किया। उनके निधन से बिलासपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में शोक का वातावरण व्याप्त है। अंतिम संस्कार में बिलासपुर के सभी दलो के स्थानीय जनप्रतिनिधि,समर्थक एवं परिवार तथा समाज के लोग शामिल हुए।



HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्रवीण साहू श्रमजीवी पत्रकार संघ के अभनपुर ब्लॉक अध्यक्ष बनाए गए

**नवापारा-राजिम।** नवापारा के युवा पत्रकार प्रवीण साहू को छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के अभनपुर ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन सीधे छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेशाध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने किया है। अपने मनोनयन पर प्रवीण साहू ने प्रदेशाध्यक्ष अरविंद अवस्थी का आभार जताते हुए कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान अभनपुर ब्लॉक के पत्रकारों के अधिकार के लिए, वे अभनपुर संघ के सभी सदस्यों को साथ लेकर, निर्भीकता के साथ काम करेंगे। साथ ही संघ का सम्मान बना रहे, इस बात का भी पूरा ध्यान रखेंगे। बताना जरूरी है कि प्रवीण साहू पिछले 9 वर्षों से पत्रकारिता से जुड़े हुए हैं और एक निर्भीक, निष्पक्ष व निडर पत्रकार के रूप में उनकी छवि है। प्रवीण को ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने पर नवापारा एवं अभनपुर के पत्रकारो ने बधाई दी है। बधाई देने वालो में वरिष्ठ पत्रकार रमेश पहाड़िया, वेदप्रकाश तिवारी,श्यामकिशोर शर्मा, रमेश चौधरी,विनोद जैन, आलोक पहाड़िया,उत्कर्ष शर्मा,लीलाराम साहू, विशेषर हिरवानी,श्रीकांत साहू,युवराज साहू,नागेंद्र निषाद,तुकाराम कंसारी सहित अभनपुर के पत्रकार साथी शामिल है।



### 5 हजार शिक्षक भर्ती युवाओं के लिए बड़ी सौगात : साहू

**राजिम।** प्रदेश में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा 5000 शिक्षक भर्ती की स्वीकृति दिए जाने पर भाजपा राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया है। कहा कि यह निर्णय प्रदेश के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए एक बड़ी सौगात है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन और जनकल्याणकारी नीतियों का प्रभाव साफ दिखाई दे रहा है। भाजपा सरकार का यह कदम युवाओं के भविष्य को दिशा देने वाला साबित होगा।



### पूर्व नपा उपाध्यक्ष ने किया जलाराम बाप्पा की शोभायात्रा का स्वागत

**महासमुंद।** नगर में गुजराती समाज द्वारा संत शिरोमणि जलाराम बाप्पा की जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत पूर्व नपा उपाध्यक्ष मनोजकांत साहू के नेतृत्व में किया गया। साहू के नेतृत्व में सभी ने बाप्पा की पूजा कर समाज जनों को पर्व की बधाई दी। जलाराम बाप्पा ने सर्व समाज को निस्वार्थ सेवा व करुणा का संदेश दिया था। स्वागत के दौरान भरत सिंह ठाकुर, पार्षद नीरज चंद्राकर, राजेंद्र साहू, बलराम लालवानी, राजू साहू, रवि साहू, छेदी राठौर, लहरी सिंह ठाकुर, मिंदर चावला, सुनील चंद्राकर, बसंत चंद्राकर, समीर चौधरी, कान्हा प्रधान, डॉ. उमेश शर्मा, आयुष भोसले, नितेश पटेल, गोविंद साहू, रतन पाल, कुणाल सेन, अनिरुद्ध चंद्राकर, रामा मदानकर आदि उपस्थित थे।

**निरीक्षण :** जिला स्तरीय राज्योत्सव के आयोजन का कलेक्टर ने गांधी मैदान का किया निरीक्षण

# राज्योत्सव प्रदेश की संस्कृति, परंपरा और उपलब्धियों का उत्सव है : कलेक्टर उइके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष पर राज्योत्सव के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर बीएस उइके एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रखर चन्द्राकर ने आज स्थानीय गांधी मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री उइके ने आयोजन स्थल पर मंच निर्माण, विद्युत एवं साउंड सिस्टम, लाइटिंग, बैरिकेडिंग, दर्शक दीर्घा, वीआईपी, मीडिया बैठक व्यवस्था, कलाकारों के ठहरने, भोजन एवं अन्य समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि राज्योत्सव प्रदेश की गौरवमयी यात्रा का प्रतीक है। कलेक्टर श्री उइके ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्योत्सव आयोजन के दौरान आने वाले आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए पार्किंग की उचित व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश और शौचालय की सुविधा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल के आसपास सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रखने एवं आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों की जानकारी भी ली। अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए कलेक्टर ने गरिमापूर्ण आयोजन और समय पर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। सभी स्टॉलों में एक समान डिज़ाइन व आकार के फ्लेक्स लगाने को कहा ताकि सभी विभागों में एकरूपता दिखे। साथ ही मौके पर विभागों को प्रदर्शनी के लिए स्टॉल आवंटित किए गए। कलेक्टर ने 1 से 5 नवंबर तक सभी शासकीय कार्यालयों और भवनों को रोशनी से सजाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, स्वच्छता एवं सुरक्षा प्रबंध की भी समीक्षा की।

**खास बातें**

- विभागीय स्टॉल, मंच, पार्किंग व स्वच्छता व्यवस्था बनाये रखने के दिए निर्देश
- राज्योत्सव को भव्य बनाने के लिए अधिकारियों को दिए आवश्यक



**नवाचारों को आकर्षक तरीके से प्रदर्शित करें-** निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न विभागीय स्टॉलों की तैयारी की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग अपने स्टॉल में जिले की उपलब्धियों, योजनाओं और नवाचारों को आकर्षक तरीके से प्रदर्शित करें, ताकि नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी सहजता से प्राप्त हो सके। उन्होंने मंच की साज-सज्जा, बैठक व्यवस्था तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी ली। कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि राज्योत्सव प्रदेश की संस्कृति, परंपरा और उपलब्धियों का उत्सव है। इसलिए इसे गरिमामय और सुव्यवस्थित रूप से मनाया जाना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से समय पर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने और नागरिक सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि राज्योत्सव का आयोजन जिले में उत्साहपूर्ण एवं भव्य रूप से संपन्न हो सके। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## अमित बघेल के खिलाफ आक्रोषित सिंधी व अग्रवाल समाज ने टीआई को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

आक्रोषित सिंधी समाज एवं अग्रवाल समाज गुरूवार को नवापारा थाना पहुंचकर टी आई को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा मीडिया के समक्ष उनके इष्टदेव संत झूलेलाल और महराज अग्रसेन के विरूद्ध आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए सिंधी समाज को पाकिस्तानी होना कहा गया है जिससे सिंधी समाज अत्यंत आहत एवं क्रोधित है। सिंधी समाज अविभाजित भारत देश के सिंध प्रांत के निवासी है देश के विभाजन में यदि किसी समाज का नुकसान हुआ है तो वह सिंध समाज है। सिंध समाज अपना सब कुछ छोड़कर विस्थापित होकर शून्य से अपना जीवन प्रारंभ किया और बिना किसी सरकारी सहायता के आज अपने पैरों पर खड़ा है। देश के इकोनॉमी में समाज का बहुत बड़ा योगदान है। सिंधी समाज शासन से भाषा या अन्य किसी भी प्रकार की कोई मांग नहीं करता अपितु हमारा समाज बढ़ते कदम एवं विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से सर्व समाज सेवा के कार्यो में सदैव अग्रणी होकर तन, मन, धन से समर्पित रहा है। हमारा समाज संपूर्ण छत्तीसगढ़ ही नहीं वरन लगभग भारतवर्ष में व्यवसाय की रीढ़ है लेकिन अमित बघेल जैसे मानसिक विक्षिप्त, बड़बोले व्यक्ति द्वारा सिंधी समाज के असंख्य लोगों के आराध्य संत झुलेलाल, अग्रवाल समाज के महाराजा अग्रसेन, प्रेरणा श्रोत पं. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय के विरूद्ध अत्यंत आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया जिससे संपूर्ण समाज में अत्याधिक रोष व्याप्त है। सिन्धी एवं अग्रवाल समाज ने नवापारा टी आई से अनुरोध करते हुए कहा कि अमित बघेल के विरूद्ध तत्काल एफ.आई.आर. दर्ज कर सामाजिक सौहाद्र बिगाड़ने की कोशिश एवं विधि अनुसार अन्य कठोर कार्यवाही की जाए। यदि इस संबंध में शीघ्र कार्यवाही नहीं की जाती है तो समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जावेगा। ज्ञापन देने दोनो समाज के लोग बड़ी संख्या में नवापारा थाना पहुंचे थे।



## कांग्रेस ने किया फसल क्षति का जायजा 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर किसानों की धान और मक्का की फसलों का जायजा लिया। इस वर्ष बेमौसम बारिश और कीट प्रकोप के कारण फसलों को हो रहे नुकसान को देखते हुए कांग्रेस ने तत्काल फसल क्षति का आकलन करने और धान खरीदी की तारीख आगे बढ़ाने की मांग की है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खेतों में जाकर किसानों से सीधे बातचीत की। चर्चा के दौरान यह सामने आया कि बेमौसम बारिश और कीटों के हमले से किसानों की धान और मक्का की फसलें तेजी से बर्बाद हो रही हैं, जिससे वे भारी चिंता में हैं।

**15 नवंबर से धान खरीदी का विरोध-** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कि क्षेत्र में धान कटाई शुरू हो चुकी है, और ऐसे में राज्य सरकार द्वारा 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने का निर्णय किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने मांग की कि सरकार को 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू करनी चाहिए ताकि किसान अपनी उपज समय पर बेच सकें और नुकसान से बच सकें। ध्रुव ने आगे कहा कि बेमौसम बारिश, आंधी-तूफान और कीट प्रकोप से किसानों की खड़ी फसलें बर्बाद हो रही हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि वह तत्काल संबंधित अधिकारियों को खेतों में भेजकर फसल क्षति का आंकलन कराए और किसानों को उचित मुआवजा दे। इस दौरान कांग्रेस के प्रमुख कार्यकर्ताओं में महामंत्री गेंदु यादव, नेहाल नेताम, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, डोमार साहू, शांतुराम यादव, दयाराम यादव और अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## आईएसबीएम विश्वविद्यालय के पुनः कुलपति बने : डॉ. महलवार

**छुरा।** आई.एस.बी.एम. विश्वविद्यालय, ग्राम छुरा, जिला गरियाबंद के कुलपति पद पर प्रोफेसर डॉ. आनंद महलवार को पुनः नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2005 (क्रमांक 13 सन 2005) की धारा 17 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत की गई है। डॉ. महलवार का कार्यकाल, उनकी सेवा शर्तें एवं अधिकार विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परिनियम में निहित प्रावधानों के अनुसार निर्धारित किए जाएंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ विनय अग्रवाल एवं एवं रजिस्ट्रार डॉ बी पी भोल ने डॉ. आनंद महलवार को पुनः कुलपति नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. महलवार के नेतृत्व में विश्वविद्यालय शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान एवं नवाचार के नए शिखर स्थापित करेगा। प्रोफेसर (डॉ.) आनंद महलवार की दृष्टि और संकल्प अपनी पुनर्नियुक्ति पर डॉ. आनंद महलवार ने कहा कि— "मैं विश्वविद्यालय को शिक्षा, अनुसंधान और सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में देश के अग्रणी संस्थानों में स्थान दिलाने हेतु पूर्णतः समर्पित हूँ। डॉ. महलवार ने यह भी कहा कि उनका लक्ष्य विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक दृष्टि से सशक्त बनाना है, बल्कि उन्हें समाज एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने हेतु प्रेरित करना भी है। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय में इंडस्ट्री-एकेडेमिक कोलैबोरेशन, स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम, रिसर्च एंड इनोवेशन हब तथा डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन इनिशिएटिव्स को नई दिशा और गति मिलने की अपेक्षा है। आई.एस.बी.एम. विश्वविद्यालय परिवार ने डॉ. आनंद महलवार की पुनर्नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दी।



## सिरकट्टी आश्रम में गोपाष्टमी महोत्सव दीपावली मिलन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

विकासखंड छुरा, जिला गरियाबंद स्थित पूज्य गुरुदेव जी सिरकट्टी आश्रम-कुटेना में संत सिया भुवनेश्वरी शरण जी व्यास गौशाला एवं सेवा संस्थान द्वारा भव्य गोपाष्टमी महोत्सव और दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रावास भवन का भूमिपूजन भी विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ, जो क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण विकास कार्य है। कार्यक्रम का शुभारंभ धार्मिक परंपरा के अनुसार प्रातः 10 बजे कामधेनु यज्ञ से हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गौमाता की विधि-विधान से आराधना की। इसके बाद दोपहर 12 बजे गौपूजन एवं खीचड़ी प्रसादी (सोहई बंधन) का आयोजन किया गया, जो गौसेवा की भावना को प्रदर्शित करता है। दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक मंचीय कार्यक्रम, अतिथियों का स्वागत और दीपावली मिलन समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रान्त संघ चालक बिसरा राम यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रुपकुमारी चौधरी ने की। प्रमुख अतिथियों में प्रान्त कुटुम्ब प्रबोधन सह संयोजक (रास्वसे संघ) गिरीशदत्त उपासने, जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, राजिम भक्ति माता समिति के अध्यक्ष लाला राम साहू, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मुन्नालाल देवदास तथा ग्राम पंचायत कुटेना की सरपंच गणेशी बाई कंवर शामिल रहीं।

**धार्मिक वातावरण और महाप्रसादी**



गौशाला एवं गुरुकुल विद्यालय समिति के व्यवस्थापक भुनेश्वर साहू ने आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था का दायित्व संभाला। समिति के अध्यक्ष संत गोवर्धन शरण जी व्यास एवं कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, टीकम चंद साहू ने अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। पूरे आयोजन में धार्मिक वातावरण, भक्ति संगीत, और गौसेवा की भावना का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन पर दोपहर 2 बजे महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## सोरिद खुर्द में मनाई गई सहस्त्रबाहू जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम सोरिद खुर्द में 28 अक्टूबर दिन मंगलवार को कलार डड़सेना समाज सहित ग्रामीणजन द्वारा भगवान राज राजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती पुरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज के द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा अमर शहीद फनेश्वर सिंह सिन्हा के शहीद स्मारक से प्रारंभ किया गया जो फौज पटाखों एवं बाजा गाजा के साथ नाचते गाते नारों के साथ निकाली गई।जो गांव के पुरे गली मुहल्लों से कलश शोभायात्रा भ्रमण किया गया और गायत्री मंदिर परिसर में भगवान सहस्त्रबाहु का पुजा अर्चना किया गया पुजा अर्चना पश्चात उपस्थित अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच चन्द्रहाश बरिया, उप सरपंच हेमन्त कुमार सिन्हा मंडल अध्यक्ष खड़मा, जनपद सदस्य पुष्पालता सिन्हा, ग्राम प्रमुख सहित सभी पंचगणो का स्वागत अभिनन्दन किया गया। अतिथि स्वागत पश्चात गणमान्य नागरिकों एवं अतिथियों द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डा. इंद्रमण सिन्हा , पूर्व जिला अध्यक्ष तिलक राम सिन्हा ,भोपाल सिन्हा मंदिर पुजारी, श्रीमती पुष्पलता सिन्हा जनपद सदस्य, हेमंत सिन्हा मंडल अध्यक्ष भाजपा मंडल खड़मा अरुण सिन्हा,शिक्षक संतोष कुमार साहू,ग्राम प्रमुख डॉक्टर उमेश, श्री राम ध्रुव, ग्राम प्रमुख टीकम सिन्हा शिक्षक, पोखन, पुरुषोत्तम, कोमल, विश्राम, गोविंद, भोला, छबि, जीवन, खिलावन, खुमान, रामकुमार, ललित, छन्नू, चंद्रमणि, पन्ना, राम प्रसाद, तारा शंकर, जगन्नाथ, रेवा एवं समस्त सिंह समाज शामिल रहे।





## कांदागड़ी में पारंपरिक रूप से मनाई गई महालक्ष्मी पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छुरा विकासखंड के ग्राम पंचायत मोंगरा के आश्रित ग्राम कांदागड़ी में कार्तिक माह के अवसर पर, ग्रामीणों द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मां भगवती महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ की गई। इस पूजा में मां लक्ष्मी की विशेष महिमा देखने को मिली, जिसे लेकर ग्रामीणों में गहरी आस्था है। पारंपरिक आयोजन के तहत, गांव के सभी महिला और पुरुष बुधवार की शाम को एकत्रित हुए। वे एक काठा (मापक बर्तन) में सपाट धान भरकर उसे आंवला वृक्ष के नीचे ले गए। पूरी रात, ग्रामीणों ने मां भगवती लक्ष्मी की भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की और जागरण किया।



**चमत्कारी रूप से 'छलक जाता है' धान-** अगले दिन, गुरुवार को सुबह 10:11 बजे, उसी धान को वापस ठाकुर देव स्थल पर लाया गया। यहां महिला एवं पुरुष पुनः एकत्रित हुए और उस धान को उसी काठा से दोबारा नापा गया। ग्रामवासियों के अनुसार, यह पूजा की सबसे खास और आस्था से भरी प्रक्रिया है। जिस काठा से सपाट धान भरकर ले जाया गया था, वह धान दोबारा नापने पर काठा से भरकर छलक जाता है। ग्रामीणों का मानना है कि धान का इस प्रकार बढ़ जाना मां भगवती लक्ष्मी की महिमा और उनके आशीर्वाद का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इसी अलौकिक अनुभव के कारण ग्रामीण प्रत्येक वर्ष कार्तिक माह में यह पूजा पूरी श्रद्धा से करते हैं। इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में गांव के प्रमुख बलराम निलवंशी, ठाकुर राम, पूर्व सरपंच संतरा बाई, लखन चक्रधारी, उप सरपंच पिलम राम नेताम, रामचंद्र नायक, एवं समस्त ग्रामवासी महिला-पुरुषों की सक्रिय उपस्थिति रही।

**सुरसाबांधा में श्रीमद्भागवत कथा जारी**

# निष्कपट हृदय के रक्षक बनते हैं भगवान : पंडित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

ग्राम सुरसाबांधा में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में इन दिनों भक्ति और अध्यात्म का अनुपम संगम देखने को मिल रहा है। कथा वाचक आचार्य पंडित सौरभ मिश्रा के मुखारविंद से प्रवाहित हो रही भागवत कथा ने पूरे गांव को भक्तिमय बना दिया है। कथा क्रम में, आचार्य पंडित सौरभ मिश्रा ने रुक्मिणी विवाह प्रसंग का अत्यंत दिव्य और भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी का विवाह केवल एक दैवी प्रेम कथा नहीं है, बल्कि यह इस बात का संदेश देता है कि सच्ची कृष्ण भक्ति से ही आत्मशांति और जीवन की पूर्णता प्राप्त होती है। आचार्य श्री ने श्रद्धालुओं से कहा रुक्मिणी जी का समर्पण और विश्वास यह दर्शाता है कि जब भक्त का हृदय निष्कपट होता है, तो स्वयं भगवान भी उसके रक्षक बन जाते हैं। जिस प्रकार रुक्मिणी ने श्रीकृष्ण को अपने आराध्य के रूप में स्वीकार किया और अपने प्रेम, श्रद्धा व भक्ति से उन्हें प्राप्त किया, उसी प्रकार प्रत्येक भक्त यदि दृढ़ निश्चय के साथ प्रभु का स्मरण करे तो जीवन के सभी संकट दूर हो जाते हैं।



**भक्ति ही वास्तविक आनंद का सेतु-** पंडित श्री मिश्रा ने कृष्ण भक्ति को जीवन का वास्तविक आनंद बताया। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य भक्ति मार्ग अपनाता है, तो उसे बाहरी सुख नहीं, बल्कि अंतरात्मा की शांति प्राप्त होती है। भक्ति वह सेतु (पुल) है जो मनुष्य को सीधे ईश्वर से जोड़ती है। कथा के दौरान श्रद्धालु राधे कृष्ण, राधे कृष्ण के भजनों पर भाव-विभोर होकर झूम उठे। कथा पंडाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर कथा श्रवण का दिव्य लाभ ले रहे हैं। पूरे ग्राम में आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त है और हर ओर भगवान श्रीकृष्ण नाम की कल्याणमय ध्वनि गूंज रही है।




